**पत्र सूचना शाखा**
**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०**
**(राज्यपाल सूचना परिसर )**

---

# राज्यपाल की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश में अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में ईज ऑफ डूइंग को बेहतर बनाने हेतु कल से दो दिवसीय परामर्श बैठक का आयोजन

---

## 27–28 मई को राजभवन में होगा आयोजन

---

## बैठक का नेतृत्व नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा किया जाएगा

---

## परामर्शदात्री बैठक में उत्तर प्रदेश व आस पास के अनुसंधान एवं विकास संस्थानों के निदेशक तथा केन्द्र एवं राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण करेंगे प्रतिभाग

---

लखनऊः 26 मई, 2025

उत्तर प्रदेश की माननीय राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में दिनांक 27–28 मई, 2025 को राजभवन, लखनऊ में नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा "अनुसंधान एवं विकास (R&D) करने में आसानी" विषय पर दो दिवसीय परामर्श बैठक का आयोजन किया जा रहा है।

इस बैठक का प्रमुख उद्देश्य भारत के अनुसंधान एवं विकास (R&D) पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ बनाना तथा इस क्षेत्र में ईज़ ऑफ डूइंग रिसर्च को बेहतर बनाना है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर नीति आयोग, भारत सरकार देशभर में इस दिशा में केंद्रित परामर्श बैठकों की श्रृंखला आयोजित कर रहा है, जिनका उद्देश्य R&D के क्षेत्र में संरचनात्मक और प्रक्रियात्मक बाधाओं की पहचान कर उनके समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाना है।

राजभवन उत्तर प्रदेश में आयोजित इस परामर्श बैठक में उत्तर प्रदेश, झारखंड एवं बिहार राज्यों के प्रमुख अनुसंधान संस्थानों, वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं एवं केन्द्र एवं राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, शोधकर्ता और नीति विशेषज्ञ एक मंच पर एकत्र होंगे। बैठक के दौरान फंडिंग तंत्र, नियामक ढांचे तथा संस्थागत प्रक्रियाओं में आने वाली प्रमुख चुनौतियों पर विचार–विमर्श किया जाएगा तथा व्यावहारिक समाधान सुझाए जाएंगे।

यह बैठक उत्तर भारत में अनुसंधान एवं नवाचार को प्रोत्साहन देने, राज्य और केंद्र सरकार के प्रयासों में समन्वय स्थापित करने तथा भारत को वैश्विक R&D हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

————————

सम्पर्क सूत्र
कृष्ण कुमार–सूचना अधिकारी
दिलशाद अहमद–सूचना अधिकारी／राजभवन
मो0: 9454468250

